BRAMPTON Flower City
brampton.ca

fact sheet

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बर्फ साफ करने के ऑपरेशन

## इस बारे में जानकारी कि जब बर्फ पड़ती है तो सिटी क्या करती है:

- ✓ **सबसे पहले, क्रियु (Crew) मुख्य रास्ते वाली (आर्टीरियल) और ट्रैफिक मिलाने वाली (कलेक्टर) सड़कों पर नमक बिछाता है और मशीन से बर्फ हटाता है।** ये वे मुख्य सड़कें हैं, जिन पर ट्रैफिक बहुत अधिक होता है, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट/ज़ूम रूट पर हैं या उन पर पील का अलग स्कूल अथवा पब्लिक स्कूल है।

- ✓ **जब मुख्य रास्ते वाली और ट्रैफिक मिलाने वाली सड़कों को साफ कर दिया जाता है, तो कर्मीदल स्थानीय स्ट्रीट्स पर नमक बिछाना शुरू करता है।** ये आपके आसपास की स्ट्रीट्स हैं। स्थानीय स्ट्रीट्स:
  - उन पर केवल तभी बर्फ हटाने की मशीन चलाई जाती है, जब किसी सिंगल तूफान में कम से कम 5 से.मी. (2 इंच) बर्फ गिरी हो।
  - मुख्य रास्ते वाली सड़कों की तरह उन पर नंगी सख्त सतह पर मशीन नहीं चलाई जाती। ज़मीन पर थोड़ी-बहुत बर्फ होना सामान्य बात है, चाहे स्ट्रीट पर मशीन चलाई गई हो।

- ✓ **क्रियु उन पार्कों में रेक्रीएशनल ट्रेल्स और उन पगडंडियों पर बर्फ हटाने की मशीन चलाता है और रेत बिछाता है, जो:**
  - मुख्य रास्ते वाली सड़कों पर हैं
  - ब्रैम्पटन ट्रांजिट/ज़ूम बस रूट पर हैं
  - सिटी पार्क या फैसिलिटी के सामने हैं
  - आपकी पिछले आंगन की चारदीवारी के पीछे हैं
  - पगडंडी के किनारे (पगडंडी और सड़क के बीच में घास वाले कोई बुलेवार्ड नहीं)

अन्य सभी पगडंडियों की जिम्मेदारी प्रॉपर्टी के मालिक की होती है

कर्मीदल का उद्देश्य बर्फ गिरना बंद होने के बाद, 24 घंटे के अंदर सभी सड़कों, पगडंडियों और ट्रेल्स को साफ करना होता है। यदि मौसम संबंधी स्थितियां तीव्र होती हैं तो इसमें अधिक समय भी लग सकता है।

## एक निवासी के तौर पर, आप इस प्रकार बदलाव ला सकते हैं:

- ✓ बर्फ गिरने के बाद अगले दिन सुबह 11 बजे तक अपने घर के सामने और किनारे की पगडंडी को साफ करें।
- ✓ अपनी प्रॉपर्टी से बर्फ हटाकर सड़क या पगडंडी पर न फेंके।
- ✓ कूड़ा-कर्कट इकट्ठा करने वाले दिन, अपने ड्राइववे के नीचे किनारे के बिल्कुल पीछे बुलेवार्ड पर अपने कार्टों के लिए जगह छोड़ें। उन्हें पगडंडी अथवा सड़क पर न रखें।
- ✓ जब बर्फ गिर रही हो, तो स्ट्रीट में गाड़ी पार्क न करें, जब तक कि इस पर नमक न बिछाया जाए या मशीन से बर्फ न हटाई जाए। जब किसी स्ट्रीट पर कारें पार्क की होती हैं तो कर्मीदल सही ढंग से स्ट्रीट की देखभाल नहीं कर पाता।

## जुड़े रहें!

- ✓ बर्फ हटाने की 24/7 अपडेट्स सहित, सर्दी संबंधी जानकारी के लिए www.brampton.ca/snow पर जाएं।
- ✓ यह देखने के लिए कि बर्फ हटाने के काम कहां हो रहे हैं, ब्रैम्पटन प्लो ट्रैकर (Brampton Plow Tracker) का उपयोग करें
- ✓ Twitter पर @CityBrampton को फॉलो करें और Facebook पर City of Brampton को लाइक करें